# GOVERNMENT COLLEGE, HANSI (HISAR)

'B' Grade 'NAAC' Accredited (CGPA: 2.50)

(Affiliated to Guru Jambheshwar University of Science & Technology, Hisar)

Ph. 01663-259204, E-Mail: govtcollegehansi@gmail.com

Web Site: http://gchansi.ac.in/

---

**Name of Activity** – एकता पदयात्रा **Dated** – 20/11/2025 (2025-26)

**Name of the Organizing Department/Cell** – National Service Scheme& National Cadet Corps& Sports Club

**Level: College /Inter-college/ State/ National**......College Level

**Collaboration with: Local Society/Gram Panchayat / Municipal Committee/ NGO/ Bank/ Institution/ None**

**No. of Participants: Students...... Teachers** 9... **Guests/others......**

## एकता पदयात्रा कार्यक्रम पर रिपोर्ट

राजकीय महाविद्यालय, हांसी में दिनांक 20 नवम्बर 2025 को एकता पदयात्रा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द, नैतिक मूल्यों और जन-जागरूकता की भावना को सुदृढ़ करना था। यह आयोजन NSS, NCC तथा Sports Club के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, अनुशासन और जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस कार्यक्रम का संपूर्ण निर्देशन एवं प्रोत्साहन महाविद्यालय की माननीय प्राचार्या डॉ. नीलम दहिया के नेतृत्व में किया गया। उनके मार्गदर्शन के कारण कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं अनुशासित तरीके से हुआ।कार्यक्रम में ड्यूटी पर तैनात सभी शिक्षक एवं कर्मचारी प्रातः 8:30 बजे Gym के बाहर एकत्रित हुए, जहाँ से विद्यार्थियों को व्यवस्थित किया गया। ड्यूटी में शामिल शिक्षक थे,डॉ. जोगिन्दर सिंह, श्री अनिल कुमार, श्री धर्मवीर, श्री मोहिन्दर सिंह, डॉ. संजय कुमार तथा श्रीमती बलजीत रानी। इनके साथ-साथ गैर-शैक्षणिक कर्मचारी चपरासी भतेरी, चपरासी मोनिका तथा एल.ए. अंकुर ने भी पूरे समर्पण के साथ कार्यक्रम के संचालन में सहयोग दिया। सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रातः 9:00 बजे Patel Chowk, Hansi पहुँचाया गया, जहाँ से पदयात्रा का औपचारिक आरम्भ हुआ। विद्यार्थी हाथों में राष्ट्रीय एकता, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, यातायात जागरूकता और सामाजिक संवेदनशीलता से संबंधित संदेशों वाली तख्तियाँ लेकर मुख्य मार्गों से गुज़रे। उन्होंने पूरे अनुशासन और ऊर्जा के साथ नारे लगाए और लोगों को सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीलम दहिया ने अपने संबोधन में कहा "देश की एकता और सामाजिक समरसता के लिए युवा पीढ़ी का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। NSS, NCC और Sports Club द्वारा आयोजित यह पदयात्रा विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व का पाठ पढ़ाती है। मुझे गर्व है कि हमारे विद्यार्थी हर गतिविधि में

अनुशासन, सम्मान और जिम्मेदारी का परिचय देते हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" उनके प्रेरणादायी शब्दों ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। शिक्षक और कर्मचारी पूरे मार्ग में छात्रों के साथ रहे और सुरक्षा, अनुशासन व यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। पदयात्रा समाप्त होने के बाद विद्यार्थी और स्टाफ महाविद्यालय परिसर लौटे, जहाँ कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यार्थियों ने इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी करके समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया और एकता तथा सामाजिक जागरूकता की मिसाल पेश की। कुल मिलाकर, यह एकता पदयात्रा राजकीय महाविद्यालय, हांसी के लिए एक अत्यंत सफल, प्रेरणादायक और प्रभावी आयोजन रहा।








NSS P.O Unit – 1
NSS P.O Unit – 2

Principal
Govt. College, Hansi